आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक 30.05.2024 समय 18.30

- निर्वाचन आयोग ने राज्य में लोकसभा क्षेत्रवार मतगणना तैयारियों की समीक्षा की।
- राजस्थान उच्च न्यायालय ने भीषण गर्मी से पैदा हालात पर संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को महत्वपूर्ण निर्देश दिये।
- प्रदेश में गर्मी के तीखे तेवरों से आज भी आमजन बेहाल–एक जून से लू से राहत की संभावना।
- झुन्झुनू जिले की गलत किडनी ऑपरेशन की पीड़ित महिला रोगी का उपचार जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में किया जाएगा।
- शिक्षा विभाग ने 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी किया– दौसा, सीकर, अजमेर, प्रतापगढ और चूरू जिले के स्कूल अव्वल रहे।

000

निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार साहू ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आयोग के उच्चाधिकारियों ने बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए मतगणना से जुडे सभी प्रोटोकॉल का ध्यान रखने पर बल दिया। उन्होंने राज्य के सभी 25 लोकसभा क्षेत्रों और बागीदौरा विधानसभा क्षेत्र के मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना कार्य के लिए आवश्यक प्रबंधों पर संतोष जताया। श्री गुप्ता ने बताया कि मतों की गिनती की प्रक्रिया और मतगणना केंद्र की व्यवस्था के बारे में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक कर ली गई है। श्री गुप्ता ने बताया कि मतगणना स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए सभी 29 मतगणना केन्द्रों पर कूलिंग की समुचित व्यवस्था और बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। मतगणना केन्द्रों पर मीडिया सेंटर में मीडियाकर्मियों के लिए भी समुचित व्यवस्था की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताय कि मतगणना से पहले सभी सीयू, वीवीपैट मशीनों और संबंधित दस्तावेजों को स्ट्रॉन्ग रूम से लेकर काउंटिंग हॉल तक लाने और मतगणना पश्चात वापस स्ट्रॉन्ग रूम तक ले जाने की कार्यवाही की निर्बाध सीसीटीवी कवरेज सुनिश्चित की जाए। इस अवधि की सीसीटीवी कवरेज उम्मीदवार अथवा उनके एजेंट मतगणना हॉल में टीवी/ मॉनिटर पर देख सकेंगे। मतगणना की प्रक्रिया की 360 डिग्री सीसीटीवी कैमरा या वीडियोग्राफी से कवरेज की जाएगी।

000

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण का प्रचार आज समाप्त हो गया है। इस चरण में पहली जून को सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। मतगणना 4 जून को होगी। इस चरण में उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13–13, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, हिमाचल प्रदेश की चार, झारखण्ड की तीन और चंडीगढ़ की एक सीट पर वोट डाले जायेंगे। भीषण गर्मी के मद्दे नजर निर्वाचन आयोग ने राज्यों को मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिये सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

000

राजस्थान उच्च न्यायालय ने बढ़ते तापमान से पैदा हालात पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को महत्वपूर्ण निर्देश दिये हैं। न्यायाधीश अनूप कुमार ढंड की पीठ ने प्रदेश में लू–तापघात से बचाव की कार्ययोजना बनाकर उसे समिति गठित कर लागू करने को कहा है। न्यायालय ने तापघात से मारे गए लोगों को उचित मुआवजा देने तथा ट्रेफिक सिग्नल और चौराहों पर छाया, पानी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिये हैं। इसके अलावा आदेश में मजदूरों को 12 से 3 बजे तक काम से विराम देने के संबंध में दिशा–निर्देश जारी करने, मौसम विभाग की चेतावनी का व्यापक प्रचार–प्रसार करने तथा स्वास्थ केन्द्रों पर सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित कराने को भी कहा गयाहै।

0000

प्रदेश में गर्मी के तेवर आज भी तीखे रहे। सूरज की तपिश और भीषण लू से जनजीवन प्रभावित रहा। तापमान में हालांकि थोड़ी गिरावट हुई है। लेकिन गर्मी से कोई राहत नहीं मिली है। जयपुर के प्रमुख बाजारों में भी इक्का–दुक्का खरीददार ही पहुंच रहे हैं।

चूरू में दिनभर शरीर को झुलसाने वाली लू चली। उधर सीमांत जिले जैसलमेर में प्रचण्ड गर्मी से हालात विकट बने हुए है। ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण गर्मी के कारण पानी की किल्लत होने लगी है। सड़के और बाजार पूरी तरह सुनसान हैं।

-------------------------

टोंक जिले में आज सुबह से भीषण गर्मी का असर रहा वहीं दोपहर बाद ठण्डी हवाओं के साथ बूंदा–बांदी हुई। हल्की बारिश से सड़कों पर पानी बहने लगा जिससे आम लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है।

भरतपुर में भी आज मौसम का मिजाज बदल गया। जहां सुबह से ही गर्मी और लू के थपेड़ों से सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा था वहीं दोपहर बाद बरसात हुई। बरसात के साथ ठण्डी हवा चलने से

मौसम खुशनुमा हो गया और तापमान में भी गिरावट आ गई। कभी तेज तो कभी हल्की हुई बरसात से लोगों को सुकून मिला तो वहीं पशु–पक्षियों को भी राहत मिली है।

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आगामी 48 घंटों में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आने के आसार हैं। वहीं अधिकांश भागों में 1 जून से हीटवेव से राहत मिलने की प्रबल संभावना है।
बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में आज हीटवेव और कहीं–कहीं तेज हीटवेव चलने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग के कुछ हिस्सों में कल से 2 जून के बीच 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने और बारिश के आसार हैं।

000

---------------

झुंझुनूं में किडनी का गलत ऑपरेशन होने से पीड़ित महिला रोगी ईद बानो का उच्च स्तरीय उपचार अब जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में किया जाएगा। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर महिला रोगी को बेहतर उपचार उपलब्ध करवाने के लिए जयपुर लाया गया है। इससे पहले रोगी के उपचार से कतराने और रोगी को असंवेदनशील तरीके से डिस्चार्ज कर देने पर राज्य सरकार ने बीकानेर के पीबीएम अस्पताल के मेडिसिन यूनिट के हैड डॉ. बाल किशन गुप्ता और नेफ्रोलॉजी विभाग के आचार्य डॉ. जितेन्द्र फलोदिया के साथ नर्सिंग प्रभारी रमजान तंवर के खिलाफ एक्शन लिया है। तीनों को सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के प्रधानाचार्य ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

उधर कोटा जिले के सुकेत में सीएचसी में दो नवजात की मृत्यु के मामले में 10 कार्मिकों को 16–सीसीए तथा 2 चिकित्सकों को 17 सीसीए का नोटिस दिया गया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि प्रकरण में बीसीएमओ द्वारा तीन सदस्यीय कमेटी से नवजातों की मौत के कारणों की जाँच करायी गयी थी।

कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में दोनों नवजात की मृत्यु लू–तापघात से होना नहीं पाया है, लेकिन कमेटी ने पाया कि सीएचसी में चिकित्सा कार्मिकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर काफी समय से लापरवाही की जा रही थी। इसके चलते चिकित्सा विभाग की ओर से एक साथ कई कार्मिकों के विरूद्ध एक्शन लिया गया है। उन्होंने कहा कि आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि स्वेच्छा से अनुपस्थित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता चंद्रावती शर्मा को तत्काल निलंबित कर दिया गया है और बीसीएमओ डॉ. रईस खान को पर्यवेक्षणीय लापरवाही तथा राज्य सरकार के आदेशों की अवहेलना पर एपीओ किया गया है।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग प्रदेश में तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता के लिए कल तम्बाकू निषेध दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून तक विशेष अभियान चलाएगा। इस अभियान के तहत प्रदेशभर में तम्बाकू निषेध थीम पर रोजाना विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिला प्रशासन और अन्य सहयोगी विभागों के तालमेल के साथ इन गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन–डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की थीम के तहत बच्चों और युवाओं को तम्बाकू सेवन से बचाने के लिए विशेष प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे।

चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि इस अभियान के दौरान आमजन में तम्बाकू सेवन न करने और इनके दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता विकसित करने के लिए मैराथन, साइकिल रैली, और प्रभात फेरी जैसे कार्यक्रम होंगे। केन्द्र सरकार के ऑन लाइन प्लेटफार्म पर शपथ भी दिलाई जाएगी।

000

शिक्षा विभाग ने आज 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। जयपुर के शिक्षा संकुल में शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल ने परिणाम जारी किया। हालांकि तकनीकी कारणों से काफी देर तक वेबसाइट पर अपलोड नहीं हो सका। कक्षा 5 में 14 लाख 35 हजार 696 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 13 लाख 93 हजार 423 परीक्षार्थी पास हुए। कुल परीक्षा परिणाम 97 दशमलव शून्य छह प्रतिशत रहा। सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 96 दशमलव 79 प्रतिशत रहा। वहीं, निजी विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 97 दशमलव 4 प्रतिशत रहा। 5वीं में छात्राओं का परीक्षा परिणाम 97 दशमलव 23 प्रतिशत, जबकि छात्रों का 96 दशमलव 89 प्रतिशत रहा। यह परीक्षा 33 जिलों के आधार पर आयोजित की गई थी। इसमें दौसा, सीकर, अजमेर, प्रतापगढ और चुरू के स्कूलों का परीक्षा परिणाम सबसे अच्छा रहा है। कुल 9 हजार 538 परीक्षार्थियों का परिणाम विभिन्न कारणों से रोका गया है। इनका परिणाम बाद में जारी किया जाएगा।

000

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में जयपुर में 3 जून को महिला साइक्लोथॉन का आयोजन किया जाएगा। 10 किलोमीटर लम्बी यह साइक्लोथॉन सुबह साढे 5 बजे शुरू होगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढाना है। इंटरनेशनल सोसायटी फॉर लाइफ साइंस और राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

000